प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 15.12.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई वाली राज्य सरकार के कार्यकाल के आज दो वर्ष पूरे–स्वास्थ्य क्षेत्र में विभिन्न सौगातों सहित अनेक कार्यक्रमों का आयोजन।**
- **विधायक निधि जारी करने के मामले में कथित भ्रष्टाचार के प्रकरण पर गठित उच्चस्तरीय समिति को 15 दिन में जांच रिपोर्ट मुख्य सचिव को सौंपनी होगी।**
- **बिहार के मंत्री और पांच बार के विधायक नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया।**
- **प्रदेश में अनेक स्थानों पर सर्द हवाओं और कोहरे का असर।**

00000

मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल के आज दो वर्ष पूरे हो गये है। इस उपलक्ष्य में प्रदेशवासियों को स्वास्थ्य क्षेत्र की विभिन्न सौगाते दी जायेंगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जयपुर स्थित राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय आरयूएचएस परिसर से चिकित्सा संस्थानों में आउटसोर्स मोड पर 22 मदर लैब और 800 स्पोक्स का शुभारम्भ करेंगे। इन स्पोक्स के माध्यम से प्राथमिक और सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से रक्त के नमूने इकट्ठे किये जा सकेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री एक हजार दिव्यांगजन को विभिन्न सहायक उपकरणों का भी वितरण करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए नेत्र जांच और रक्त जांच शिविर का भी शुभारम्भ किया जायेगा। मुख्यमंत्री जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में राज्यस्तरीय विकास प्रदर्शनी का शुभारम्भ करेंगे। आज मुख्यमंत्री श्री शर्मा का जन्मदिवस भी है। इस अवसर पर उन्होंने पिंजरापोल गौशाला में गायों की पूजा अर्चना और गौसेवा की। आज प्रदेशभर में आरोग्य शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है। जिला अस्पतालों, उप जिला अस्पतालों और सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लगाये जा रहे इन शिविरों के माध्यम से लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवाईयां दी जा रही है। करौली से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिला अस्पताल में आरोग्य के साथ ही रक्तदान शिविर भी आयोजित किया जा रहा है।

-----

0000

विधायक निधि जारी करने के मामले में कथित भ्रष्टाचार के प्रकरण पर उच्चस्तरीय जांच के लिए गठित समिति को 15 दिन में अपनी रिपोर्ट मुख्य सचिव को सौंपनी होगी। मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इस मामले पर सख्त रवैया अपनाते हुए कहा है कि किसी भी लोकसेवक द्वारा भ्रष्टाचार की स्थिति को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जायेगा। सरकार दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करेगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने मुख्य सतर्कता आयुक्त भास्कर सांवत की अध्यक्षता में इस प्रकरण की जांच के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस बीच मुख्यमंत्री के निर्देश पर खींवसर हिंडौन और बयाना विधानसभा क्षेत्रों के विधायक विकास निधि खातों को फ्रीज कर दिया गया है। गौरतलब है कि कल एक प्रमुख समाचार पत्र में छपी स्टिंग की खबर के बाद मुख्यमंत्री ने तुरंत इस प्रकरण पर संज्ञान लेते हुए मामले की जांच के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सरकारी मुख्य सचेतक ने भी ये प्रकरण संबंधित विधायकों के खिलाफ जांच के लिए विधानसभा की सदाचार समिति के सामने रखने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को भेज दिया है। स्टिंग खबर के मुताबिक प्रदेश के तीन विधायकों पर विधायक निधि जारी करने के बदले कमिशन लेने का कथित आरोप सामने आया है।

0000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि विकास का उद्देश्य केवल ढांचे खडा करना नहीं बल्कि लोगो की वास्तविक जरूरतों को समय पर पूरा करना है। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों में विकास को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। श्री बिरला कल कोटा जिले के कुन्हाडी स्थित विजय वीर स्टेडियम में नदी पार क्षेत्र के विकास कार्यो के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पीने के पानी के साथ ही सड़क, पार्क और अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित की जायेंगी।

----

00000

जैसलमेर में न्यायाधीशो की दो दिन की कॉन्फ्रेंस कल सम्पन्न हुई। वेस्ट जोन रीजनल कॉन्फ्रेंस में न्यायिक कार्य की बढती चुनौतियों पर मंथन किया गया। इनके समाधान के लिए तकनीक के उपयोग पर बल दिया गया। समापन दिवस पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम नाथ ने कहा कि तकनीक का उपयोग न्यायिक प्रक्रिया की क्षमता बढा सकता है। इसके साथ ही कॉन्फ्रेंस में न्यायिक निर्णयों में गुणवत्ता सुधार, साइबर अपराध, डिजिटल फोरेन्सिक और एआई से होने वाले खतरों पर भी गहन चर्चा की गई।

0000

बिहार के मंत्री और पांच बार के विधायक नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड ने श्री नबीन को तत्काल प्रभाव से पार्टी का अध्यक्ष बनाया है। श्री नबीन अभी पटना जिले की बांकीपुर विधानसभा सीट से विधायक हैं। वे नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार में सड़क निर्माण विभाग के मंत्री हैं। 45 वर्षीय श्री नबीन पार्टी के इतिहास में सबसे कम उम्र के कार्यकारी अध्यक्ष बने हैं। इसके साथ ही इस पद पर नियुक्त होने वाले वे बिहार के पहले भाजपा नेता हैं। लगभग दो दशक के संगठनात्मक अनुभव के साथ, श्री नबीन ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के बिहार अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ चुनाव प्रभारी का भी दायित्व संभाला है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज तीन देशों जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की यात्रा पर रवाना होंगे। यात्रा के पहले चरण में श्री मोदी जॉर्डन पंहुचेंगे। वे किंग अब्दुल्लाह द्वितीय इब्न अल हुसैन के निमंत्रण पर जॉर्डन जा रहे है। प्रधानमंत्री मोदी जॉर्डन किंग के साथ द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचार विमर्श करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री कल इथियोपिया के लिए रवाना होंगे। यह प्रधानमंत्री की इथियोपिया की पहली यात्रा है। यात्रा के अंतिम चरण में श्री मोदी ओमान जायेंगे। वे ओमान के सुल्तान हैथम इब्न तारिक के साथ बैठक करेंगे।

0000

प्रदेश में कई स्थानों पर बादल छाये रहने के साथ ही कोहरे का असर बना हुआ है। वहीं सर्द हवाओं से ठण्ड का अहसास बढ़ गया है। करौली, सिरोही, सवाईमाधोपुर सहित कई स्थानों पर ठण्डी हवाओं से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। माउंटआबू में तेज सर्दी का प्रकोप बना हुआ है। हनुमानगढ में_सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढा दी है। कई स्थानों पर धुंध से दृश्यता काफी कम हो गई है और यातायात की रफ्तार धीमी बनी हुई है। कोहरे का असर सड़क और रेल यातायात पर भी देखा जा रहा है। भरतपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि कोहरे के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड रहा है।

-----

प्रदेश के 17 शहरों में कल रात का पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। राजधानी जयपुर में भी दिनभर हल्के बादल छाये रहे। मौसम विभाग के अनुसार 20 दिसम्बर तक बादलो की आवाजाही बनी रहेगी। 18 दिसम्बर से कुछ भागों में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार है।

0000

आरएएस भर्ती 2024 के दूसरे चरण के साक्षात्कार आज से शुरू हो रहे है। राजस्थान लोक सेवा आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि ये साक्षात्कार 24 दिसम्बर तक होंगे। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में 2 हजार 461 अभ्यर्थियों को इन्टरव्यू के लिए पात्र घोषित किया गया है।

0000